तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024



10 कस्टम मिलिंग कर जमा नहीं कराया चावल खाद्य विभाग...





11 लोहरसी में मनाई गई शरद पूर्णिमा






## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**छुरा।** ग्राम कोसमबुड़ा में शहीद महेन्द्र कुमार ध्रुव की स्मृति में कबड्डी खेल संघ कोसमबुड़ा (छुरा) के तत्वाधान में शहादत दिवस के पावन पर्व में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 20 व 21 अक्टूबर रखा गया है।

### सायकल देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** सायकल देने से मना करने पर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ सांकरा पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी मुक्ति बिसरा ग्राम ढाबाखार ने बताया कि 16 अक्टूबर को रात 10 बजे गांव के सफेद नंद ने मेरा सायकल को मांगा, लेकिन मेरे द्वारा मना करने पर सफेद नंद गाली गलौज कर चला गया। प्रार्थी ने बताया कि 17 अक्टूबर को तालाब की ओर से लौटकर घर के पास पहुंचा था, तभी आरोपी सफेद नंद ने सायकल नहीं देने की बात को लेकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब पिलाने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पिलाने की सुविधा देने वाले व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बतायाकि मुखबीर से सूचना मिली कि एनएच 53 रोड ग्राम छुईपाली में शरद तिवारी नामक व्यक्ति अपने ढाबा के पीछे में आम लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर शराब पी रहे लोग भाग निकले। वहीं पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शरद तिवारी पिता गणेशराम तिवारी (52 साल) तिवारी ढाबा ग्राम छुईपाली का निवासी होना बताया। इस दौरान पुलिस ने 2 पौवा देशी प्लेन शराब का खाली शीशी एवं 02 नग डिस्पोजल गिलास जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# उल्लास नवभारत अभियान ने दिया असाक्षरों को साक्षर बनाने की एक नई दिशा

## कानूनी और वित्तीय लेन-देन के विषय पर दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला कार्यालय और विकासखंड शिक्षा कार्यालय के निर्देशानुसार संकुल केंद्र अतरमरा में एक दिवसीय अनुदेशक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बी. देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, मास्टर ट्रेनर मानिक साहू, और सभी प्राथमिक प्रधान पाठक उपस्थित रहे। संकुल प्राचार्य बी. देवांगन और संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान के तहत संकुल केंद्र अतरमरा के बच्चे अनुदेशक बनकर शिक्षा की ज्योति जलाने के लिए उत्साहित हैं। 'उल्लास नवभारत' अभियान ने राज्य में असाक्षरों को साक्षर बनाने की योजना को एक नई दिशा दी है, जिससे गरियाबंद जिले में भी यह अभियान सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। इस अभियान की विशेष बात यह है कि पहली बार 10वीं, 12वीं और कॉलेज के बच्चों को असाक्षरों को साक्षर बनाने का जिम्मा दिया गया है। ये बच्चे वॉलंटियर के रूप में असाक्षरों को पढ़ाएंगे। साक्षरता मिशन के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पढ़ाई में नवाचारी और स्थानीय संसाधनों का उपयोग हो। मास्टर ट्रेनर मानिक साहू ने बताया कि असाक्षरों को सिर्फ साक्षर बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें कानूनी जानकारी और वित्तीय लेन-देन जैसे महत्वपूर्ण ▶▶|शेष पेज 10 पर



### बच्चों में वॉलंटियर बनने का उत्साह

अतरमरा संकुल के विभिन्न गांवों से 10वीं और 12वीं के छात्रों ने असाक्षरों को पढ़ाने के लिए उत्साहपूर्वक आगे कदम बढ़ाए हैं। यह पहल सकारात्मक परिणाम दिखा रही है, और अभियान के तहत कई अनूठे और नवाचारी प्रयोग किए जाएंगे ताकि मिशन शत प्रतिशत सफल हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य बी. देवांगन, बीपीओ किशन धीतेश, ब्लॉक समन्वयक अखिलेश खरे, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, मास्टर ट्रेनर मानिक साहू, रूपराम साहू, धनेश्वरी मुरचूलिया, रेणुका देवांगन, मीना ध्रुव, चित्ररेखा ध्रुव, पवनु ध्रुव सहित संकुल केंद्र अतरमरा के सभी अनुदेशक मौजूद रहे।

## नाराजगी : निर्वाचित पदाधिकारियों को नहीं मिल रही जगह, मनोनीत सदस्यों को मिल रही तवज्जो

# हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी, नाराज सरपंच व सदस्यों ने नगर पंचायत कोपरा में जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 5 साल के ग्राम पंचायत कार्यकाल के बाद भी यह मामला अब नगर पंचायत बनने के बाद तक खिंचता नजर आ रहा है। गुरुवार को नगर पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारी जब बैठक करने पहुंचे, तो उनके सामने नगर पंचायत भवन का ताला बंद मिला। नाराज पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें नगर पंचायत में बैठने की जगह नहीं दी जा रही, जबकि मनोनीत सदस्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनकी नियुक्ति पहले ही अदालत द्वारा रद्द कर दी गई है। पूर्व निर्वाचित अध्यक्ष योगेश्वरी साहू ने बैठक की सूचना एक दिन पहले ही जारी की थी, लेकिन अधिकारियों ने सूचना पंजी में कथित रूप से छेड़छाड़ कर दी। उन्होंने दावा किया कि हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद निर्वाचित प्रतिनिधियों को 27 सितंबर तक नगर पंचायत में बैठने के लिए बुलाया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक न होने के विरोध में निंदा प्रस्ताव जारी किया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि अधिकारियों द्वारा जानबूझकर निर्वाचित प्रतिनिधियों को दरकिनार किया जा रहा है।

### ताला, विवाद और एफआईआर

गुरुवार को जब निर्वाचित पदाधिकारी नगर पंचायत भवन पहुंचे तो उन्हें ताले लगे मिले। इस पर गुस्साए निर्वाचित अध्यक्ष योगेश्वरी साहू और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विरोधस्वरूप ताला जड़ दिया। इस घटना के बाद नगर पंचायत अधिकारी श्यामलाल वर्मा ने शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए पांडुका थाना में एफआईआर दर्ज कराने का आवेदन दिया। वर्मा ने अपने आवेदन में बताया कि उस समय निर्वाचन संबंधी कार्य चल रहे थे और सरपंच योगेश्वरी साहू सहित अन्य पदाधिकारी नए भवन में ताला लगाने के बाद पुराने कार्यालय भवन पर भी ताला लगाने का दबाव बना रहे थे। इसके चलते शासकीय कार्य में रुकावट पैदा हुई।




### शासकीय कार्य में बाधा, मामला दर्ज

इस मामले में नगर पंचायत अधिकारी श्यामलाल वर्मा ने बताया कि सरपंच योगेश्वरी साहू और उनके कुछ सदस्य ने नगर पंचायत में ताला जड़ दिया गया था जिसे खोलकर शुक्रवार को पुनः कामकाज किया गया फिर जानकारी मिला है कि उनके द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में पुनः ताला जड़ दिया गया है। शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने संबंधी शिकायत थाना पाण्डुका में किया गया है।

### कई महत्वपूर्ण काम ठप

योगेश्वरी साहू ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत अधिकारी मनोनीत समिति को रद्द किए जाने के बावजूद उन्हें ही काम करने दे रहे हैं। वहीं, निर्वाचित पदाधिकारियों को कोई स्थान नहीं दिया जा रहा है, जिससे कई महत्वपूर्ण काम ठप पड़े हैं। इसके अलावा, ग्राम पंचायत के कार्यकाल के दौरान मजदूरों और मटेरियल का भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है। साहू ने यह भी कहा कि नगर पंचायत अधिकारी उन्हें पदभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दे रहे और बार-बार नई प्रक्रिया अपनाने को कहा जा रहा है, जबकि वे ग्राम पंचायत के वैध निर्वाचित पदाधिकारी हैं। कोपरा के इस मामले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद स्थानीय स्तर पर राजनीतिक टकराव और प्रशासनिक अड़चनें लगातार बनी हुई हैं, जिससे विकास कार्य ठप पड़े हैं।

## रुखमणि का हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोगरा जहां एक गरीब आदिवासी परिवार की 9 वर्षीय रुखमणि बीमार बेटी के जिंदगी में खुशियां लाने प्रयास में सफलता मिली है। स्कूली छात्रा बचपन से शौच नली बंद होने के कारण बाथरूम नली से दोनों कार्य कर मुश्किल की जिंदगी काट रही थी। जैसे-जैसे उम्र बढ़ते जा रही थी परेशानी अधिक बढ़ने लगी। पिता खुजूराम नेताम, माता धनमति बाई ने बताया घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब होने और हम लोग पढ़े-लिखे भी नहीं होने के कारण जानकारी के अभाव कह सकते है। गुड़िया के इलाज कराने में जानकारी के अभाव के कारण वंचित थे। वहीं छात्रा का रायपुर डीकेएस अस्पताल में निशुल्क इलाज व सफल ऑपरेशन हुआ। गुड़िया के इलाज में मदद करने समाज सेवी मनोज पटेल, ग्राम पंचायत मोगरा सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य, महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।



# सफाई कर्मचारियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला गरियाबंद अंतर्गत नगरीय निकायों में स्थानीय निर्वाचन से पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के द्वारा सभी निकायों को छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में गरियाबंद नगर में आज नगर पालिका गरियाबंद के सभी सफाईकर्मियों के द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ के नेतृत्व में अपने शहर के मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने के लिये प्रेरित करने के लिए जागव वोटर जाबो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गरियाबंद मयंक अग्रवाल के द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरुकता शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार डोनेश्वर साहू, अवंतिका गुप्ता और नगरपालिका गरियाबंद सीएमओ चंदन मानकर उपस्थित रहे। विदित हो कि आगामी स्थानीय निकायों के निर्वाचन से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत ▶▶|शेष पेज 10 पर




# ट्रेनिंग से लौटे बीएसएफ जवान हरिकांत का गांव में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा

साहू समाज के अध्यक्ष पीताम्बर लाल साहू के पुत्र हरिकांत साहू का चयन बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) में हुआ था, जिसके बाद उन्हें प्रशिक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया था। 11 महीने के कठिन प्रशिक्षण के बाद जब हरिकांत पहली बार अपने गाँव लौटे, तो ग्रामीणों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया और पूरे गांव में जश्न का माहौल छा गया।

हरिकांत साहू ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव में पूरी की, जबकि मैट्रिक की पढ़ाई जेंजरा के कोपरा स्कूल से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने राजीव लोचन कॉलेज से बीएससी की डिग्री प्राप्त की। हरिकांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा की देश सेवा हमेशा से मेरा सपना था, और बीएसएफ में चयनित होकर मैं अपने उस सपने को साकार कर रहा हूं। हरिकांत के पिता पीताम्बर लाल साहू ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही देश सेवा की भावना से प्रेरित था और उसने इस दिशा में कड़ी मेहनत की। उन्होंने गर्व से कहा, मेरे बेटे की मेहनत का फल उसे मिला ▶▶|शेष पेज 10 पर



# ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर दो व्यक्ति के खाते से 24 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- नया रायपुर राखी थाने में मामला दर्ज, विवेचना शुरू

नवा रायपुर राखी थाना क्षेत्र मे दो अलग अलग व्यक्तियो के बैक खाते से 32लाख 99 हजार 57 रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गई। ग्राम निमोरा निवासी पारस धीवर से 20 जुलाई 2024 को अनजान टेलीग्राम यूजर धारक द्वारा घर बैठे ऑनलाईन काम करने का झांसा देकर उसे दोस्त एवं प्रार्थी के खाते से 24 लाख 12 हजार 871 रूपये एक दर्जन से अधिक अलग अलग बैक खातो मे 23 जुलाई से 13 अगस्त 2024 के बीच ऑनलाईन धोखाधड़ी कर पैसा निकाला गया। दूसरी घटना सेक्टर 29 नवा रायपुर सेक्टर 17 मे लोविनि विभाग मे पदस्थ उपअभियंता चमन लाल साहू का मोबाईल सिम 24 सितम्बर को अचानक बंद हो गया। कस्टमर केयर मे संपर्क करने पर पता चला कि पुराना सिम अब ई सिम हो गया है। मंदिर हसौद जियो स्टोर मे ई सिम प्राप्त करने के लिए वहां आधार कार्ड देने पर प्रार्थी को आधार बायोमैट्रिक लॉक की जानकारी हुई जिसे अनलाक करवाने के लिए वह तहसील ऑफिस आधार सेवा केन्द्र पहुंचा जहां 11 दिन का समय लगने की बात कही गई पश्चात वह 9 अक्टूबर को रायपुर पंडरी श्याम प्लाजा आधार सेवा केन्द्र गया जहां से आधार बायोमैट्रिक अनलॉक करवा कर 10 अक्टूबर को फिर से जियो स्टोर पहुंच बैक एवं फोन पे से लिंक सिम को चालू करवाया तब प्रार्थी को पता चला कि उसके आधार नंबर पर दूसरा नंबर अपडेट हो गया है जिस पर उसने बैंकिंग सेवा से लिंक नंबर को 14 अक्टूबर को दोबारा आधार से अपडेट करवाया जो 16 अक्टूबर को अपडेट हो गया। जब प्रार्थी द्वारा फोन पे चालू करने पर चालू नही हुआ और गलत यूपीआई का मैसेज आया जिस पर उसने रिसेट यूपीआई पिन जनरेट करते फोन पे चालू किया और बैलेस चेक करने पर एसबीआई खाता मे जमा 7 लाख ▶▶|शेष पेज 10 पर

### शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई


**महासमुंद।** बसना और पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई की है। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेल्डीहपठार से तोषगांव जाने का मार्ग पुल के पास ग्राम बेल्डीहपठार में आरोपी धनेश्वर रात्रे पिता सुकरत रात्रे (30 साल) बेल्डीहपठार के कब्जे से 7 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई। इसी तरह पिथौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि लहरौद पडाव हमर ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री किया जा रहा है। इसके बाद लहरौद पडाव हमर ढाबा पहुंचकर पूछताछ कर चेक करने पर 18 नग देशी मदिरा शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी कमलेश कुमार डडसेना के खिलाफ धारा 34(1)क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पति की दीर्घायु के लिए रखेंगी निर्जला व्रत

# करवा चौथ कल, सुहागिनें करेंगी चन्द्रमा का दीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इस साल करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर को रखा जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं पूरा दिन निर्जला उपवास करती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवा चौथ का व्रत करने से पति की आयु लंबी होती है और अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। करवा चौथ पति-पत्नी के प्यार का प्रतीक त्योहार माना जाता है। इस दिन महिलाएं शाम के समय चांद निकलने के बाद पति के हाथ से पानी पीकर ही अपना व्रत खोलती है। हर साल कार्तिक माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत रखने का विधान है। पति की दीर्घायु की कामना के लिए इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत करती है। करवा चौथ व्रत में चांद की पूजा का विशेष महत्व है।



बिना चांद को देखें करवा चौथ का व्रत पूरा नहीं माना जाता है। अगर किसी कारण वश चांद दिखाई नहीं देता है तो व्रती महिलाएं असमंजस की स्थिति में पड़ जाती है कि वो अब अपना करवा चौथ का व्रत कैसे खोलें। इस महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि कई बार मौसम खराब होने के कारण चांद दिखाई नहीं देता है। तो आप भगवान शिव की तस्वीर को देखकर भी अपना व्रत खोल सकती है। शिव जी के मस्तक पर चन्द्रमा विराजमान हैं। अगर ऐसी कोई तस्वीर या मूर्ति आपके घर में नहीं है तो आप शिव मंदिर जाकर चंद्रोदय के समय चन्द्रमा के दर्शन कर अपना करवा चौथ का व्रत खोल सकते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से होगा। चतुर्थी तिथि का समापन 21 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर होगा। करवा चौथ की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 46 मिनट से शाम 7 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। इस दिन चांद निकलने का समय रात 7 बजकर 54 मिनट का रहेगा। महिलाएं इस दिन खुशहाल जीवन के लिए दिन भर निर्जला व्रत रखेंगे। इसके लिए सुहागिन महिलाएं अभी से तैयारियां में जुट गए हैं।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# रायगढ़ में डेढ़ सौ से ज्यादा हाथियों का जमावड़ा, गजराज को ट्रैक्टर से भगा रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में इन दिनों 150 से ज्यादा हाथियों का मूवमेंट है। हाथियों के मूवमेंट की वजह से ग्रामीण बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। हाथियों से छुटकारा पाने ग्रामीण ऐसी तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, जिससे हाथी विचलित हो जान-माल का नुकसान कर रहे हैं। हाथी मित्र दल भी ग्रामीणों के सामने बेबस नजर आ रहे हैं और ग्रामीणों को हाथी के पास जाने से नहीं रोक पा रहे हैं।

रायगढ़ वन मंडल में वर्तमान में 49, धरमजयगढ़ वनमंडल में 109 तथा रायगढ़ से सटे सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में 26 हाथियों को दल विचरण कर रहा है। सारंगढ़ वनमंडल में गुरुवार को एक व्यक्ति की हाथी से कुचलकर मौत हो गई है, जिसकी वजह से ग्रामीण आक्रोषित हैं। रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में सरगुजा तथा जसपुर से हाथियों के आने की बात जानकार कह रहे हैं। अफसरों के अनुसार मानव हाथी द्वंद्व रोकने हरसंभव उपाय किए जा रहे हैं। बावजूद इसके मानव हाथी द्वंद्व रुकने का नाम नहीं ले रहा।

### राज्य के ज्यादातर जिले हाथी प्रभावित

राज्य के ज्यादातर जिला हाथी प्रभावित हो गए हैं। जसपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा तक सिमित रहने वाला हाथी मैदानी क्षेत्र तक पहुंच गए हैं। राज्य के बलौदाबाजार, महासमुंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा बलौदाबाजार वनमंडल में पड़ोसी राज्य ओडिशा के हाथी यहां आकर डेरा जमा लिया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में पिछले दो साल के 26 हाथी मूवमेंट कर रहे हैं वह ओडिशा से आए हुए हाथी हैं।



- ट्रैक्टर में तेज लाइट लगाकर रात में निकल रहे ग्रामीण
- रायगढ़, धरमजयगढ़ तथा सारंगढ़ वनमंडल में पड़ोसी राज्य ओडिशा के हाथी पहुंच रहे

*रहवासी क्षेत्र में आने से रोकने जंगल से भगा रहे : गौरतलब है कि हाथी एक दिन में 40 से 50 किलोमीटर चलता है। इस वजह से हाथी जंगल के रास्ते होते हुए रहवासी क्षेत्र पहुंच जाते हैं। रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल के जिस जंगल में हाथी आने की सूचना मिल रही है, उस वनमंडल के ग्रामीण हाथियों को अपने वनक्षेत्र से भगाने ट्रैक्टर से निकल रहे हैं। वन्यजीव अधिनियम के अनुसार इस तरह जंगल से हाथियों को भगाना अपराध की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके वन विभाग ग्रामीणों के आक्रोष को देखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।*

### ग्रामीण इसलिए परेशान

अभी धान की फसल पककर तैयार हुई है। हाथियों के आने से किसानों की फसल का नुकसान हो रहा है। इसके कारण ग्रामीण हाथियों से परेशान हैं। हाथियों को अपने क्षेत्र से भगाने ग्रामीण अपने स्तर पर ऐसे उपाय कर रहे हैं, जिससे हाथी और ज्यादा विचलित होकर जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र में घुस रहे हैं, जिसकी वजह से ग्रामीणों को और भी ज्यादा नुकसान हो रहा है।

### ट्रैक्टर में निकल रही 'हांका' पार्टी

हाथियों को अपने क्षेत्र से भगाने ग्रामीण झुंड में ट्रैक्टर में सवार होकर जंगल की ओर जा रहे हैं जो हाथियों को भगाने तेज आवाज लगाने के साथ अपने साथ तेज रोशनी वाली लाइट रखे हैं, जिसे हांका पार्टी कहा जाता है। तेज आवाज तथा लाइट देख हाथी डरकर तथा विचलित होकर इधर उधर भाग रहे हैं। हाथियों को भगाने का एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसमें ग्रामीण ट्रैक्टर पर सवार होकर हाथियों को भगाने तेज आवाज लगाने के साथ उन पर लाइट मार रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और कैट सीजी चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन सहित अन्य सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी साथ ही उनके दीघायु जीवन की कामना की। प्रतिनिधिमंडल में कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- परमानंद जैन आदि शामिल रहे।

### पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री की जाए अनिवार्य

**रायपुर।** रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर पूरे देश में हॉलमार्क जेवरों की बिक्री को अनिवार्य करने की मांग की है।

### उर्स में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** हजरत सैय्यद शेर अली आगा रहमतुल्लाह अलैह का हर साल की तरह इस साल 43वां उर्स पाक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है।

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें शामिल



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें शामिल हुईं। स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर एवं आईपी वर्मा सहायक क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर थे। इस अवसर पर सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सर्व आदिवासी समान के सदस्यों ने गुरुवार को राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह से मुलाकात की। सदस्यों ने हसदेव जंगल के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की। अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह से मुलाकात करने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बीएस रावटे, अकबर राम कोर्राम, गोंड महासभा अध्यक्ष विनोद कुमार नागवंशी, प्रदेश सचिव जिवराखन मरई, प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर और सोनडोंगरी में 1 करोड 48 लाख रुपए के स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि कबीर नगर में अधोसंरचना मद से आंतरिक व मुख्य मार्ग में खराब हुए मार्गों का जल्द डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। भोजनगर, सीता नगर में सीसी रोड नाली निर्माण और सोनडोंगरी के दुर्गा चौक से यादव मोहल्ला तक नाली निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद घनश्याम छत्री, संत कबीर दास वार्ड पार्षद नारद कौशल, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैक मिलन साहू, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सह प्रभारी सचिव जांगिड़ ने शहर जिला कांग्रेस की ली बैठक

# चुनावी मोड में कांग्रेस, दक्षिण के वार्ड प्रभारियों की बैठक में दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद कांग्रेस संगठन चुनावी मोड में आ गया है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने सभी को चुनाव में जुटने का अव्हान किया। जांगिड़ ने सभी वार्ड प्रभारियों से वहां पर किए गए अब तक कार्यों की जानकारी ली। वहीं चंगोराभाठा वार्ड में प्रभारी विकास उपाध्याय की जगह पर यहां नए प्रभारी के रूप में सुरेश ठाकुर और दीपक मिश्रा की नियुक्ति की गई है। दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के सभी सक्रिय पदाधिकारी और शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी इसमें शामिल हुए।

सह प्रभारी ने कहा, सभी वार्ड में बूथ कमेटियों के माध्यम से कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं। आज की बैठक चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार के संबंध में सभी कांग्रेस नेताओं को निर्देश दिए गए। कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से कहा गया कि उप चुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं। जनता के बीच जाकर कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य कारनामों को रखें। क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दें। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

### उपचुनाव के दौरान सरकार के कमजोरियों को सामने लाएं



### आज वरिष्ठ नेताओं की बैठक

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भी चुनाव में सक्रियता के साथ जुटने की रणनीति बनाई जाएगी। सह प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कांग्रेस के चुनाव की रणनीति के साथ यहां पर चुनाव में जीत दर्ज करने के संबंध में चर्चा करेंगे। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के पार्षद, छाया पार्षद, बूथ अध्यक्ष और ब्लॉक कमेटी के अध्यक्षों की अलग से बैठक लेकर उन्हें चुनाव में अपने-अपने वार्ड में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई जाएगी।

### कांग्रेस के दावेदारों में राजीव भी

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से आधा दर्जन से अधिक दावेदार सामने आए हैं। इनमें इस क्षेत्र के सक्रिय पार्षद और कुछ वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कुछ ऐसे नाम भी हैं, जो पहले यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, वे भी दावेदार के रूप में सामने आए हैं। कुछ नेताओं ने दिल्ली जाकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिलकर यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस संगठन ने भी आंतरिक सर्वे कराया है, उसके आधार पर ही टिकट का फैसला होगा। यहां से कांग्रेस के दावेदारों में प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, सुशील सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, सतनाम पनाग और राजीव वोरा के नाम चर्चा में हैं।

# कस्टम मिलिंग कर जमा नहीं कराया चावल खाद्य विभाग ने मिलरों पर कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग का चावल समय पर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध खाद्य विभाग ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। विभाग ने पूरे प्रदेश में राइस मिलों में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर और अन्य जिलों में कई राइस मिलरों के ठिकानों पर छापे मार कर चावल जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। विभाग पिछले साल के मिलरों के चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की जानकारी लेकर उनसे चावल राजसात कर रहा है।

बताया गया है कि शासन के निर्देश के अनुसार रायपुर जिले में राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग का चावल 28 अक्टूबर तक जमा करना है, लेकिन अभी भी कई मिलर 60 से 70 प्रतिशत ही चावल जमा कर पाए हैं। ऐसे में शेष चावल को आगामी 10 दिनों के भीतर मिलरों को जमा कराना है। इसी क्रम में कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों की सूची तैयार की गई है। इस सूची के अनुसार राइस मिलरों को समय सीमा में शत-प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।



- रायपुर, रायगढ़ और बिलासपुर में की गई कार्रवाई
- 28 तक मिलरों को जमा करना है कस्टम मिलिंग का चावल

### इन जिलों में की गई कार्रवाई

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में कृष्णा फूड्स राइस मिल में एक हजार क्विंटल से अधिक धान एवं 377 क्विंटल चावल की जब्ती बनाई गई है। रायगढ़ जिले में चावल जमा नहीं करने वाले पांच राइस मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पांच राइस मिल संचालकों ने नोटिस के बाद भी चावल जमा करने पर बंसल उद्योग, मंगल ग्रेनस, इसमुंडा राइस मिल, श्री राम राइस मिल और मां दुर्गा फूड्स प्रोडेटेट की अमानत राशि राजसात करने की कार्रवाई शुरू की गई। बिलासपुर में कस्टम मिलिंग के चावल को तय समय में जमा नहीं करने पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राइस मिल में गड़बड़ी पाए जाने के बाद विभाग ने 85 लाख रुपए के 3 हजार 400 क्विंटल धान को जब्त किया है।

### पिछले वर्ष 25 मिलरों ने 1166 टन चावल नहीं किया जमा

बताया गया है कि रायपुर जिले में पिछले वर्ष कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल 25 मिलरों ने जमा नहीं किया हैं। विभागीय टीम ने इसे लेकर कुछ मिलरों के यहां दबिश भी दी थी। इस दौरान साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया गया था। इन मामलों में जिला विपणन विभाग द्वारा राइस मिलरों से चावल के बदले राशि की रिकवरी की जा रही है। इसके तहत बैंक गारंटी जब्ती के अलावा मिलरों के बिलों में रिकवरी की राशि समायोजित की जा रही है।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सोशल मीडिया का हो अधिक उपयोग : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा है कि कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है, ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराएं।

- सचिव ने ली जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक
- समाचार माध्यमों को तुरंत जानकारी उपलब्ध कराएं

श्री दयानंद ने यह बात गुरुवार को नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा- राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए।

### सरकार की योजना से आ रहा है बदलाव

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पिछले 10 माह में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेक फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।



### ऐसी हो समाचार की भाषा शैली

श्री दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए। नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। बैठक में संचालक जनसंपर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य, हर्षा पौराणिक सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएड-बीएड अभ्यर्थी आज नेशनल हाईवे पर करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी लंबित मांगों को लेकर 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती की मांग को लेकर प्रशिक्षित अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 31 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि 18 अक्टूबर तक उनकी मांग पूरी नहीं होने पर वे 19 तारीख को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है 7 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी 21 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी से नाराज अभ्यर्थी अब 19 अक्टूबर को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने सड़क पर उतरेंगे।

- 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती सहित 7 सूत्रीय मांग

### प्रमुख मांग इस तरह

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय व विषय के पद सम्मिलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विंभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी की छूट प्रदान करने की मांग।
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

## पेज 9 के शेष...

### उल्लास नवभारत अभियान...

विषय भी सिखाए जाएंगे। इसके अलावा, उन्हें डिजिटल साक्षरता के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। साक्षर भारत परियोजना अधिकारी किशन धीतेश और विकासखंड समन्वयक अखिलेश खरे ने कहा कि यह पहल पहली बार हो रही है, जिसमें असाक्षरों को पढ़ाने के लिए स्थानीय बच्चों को वॉलंटियर बनाया जा रहा है। इस बार प्रदेश के 33 जिलों में 10 लाख असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सफाई कर्मचारियों ने...

नगरीय निकायों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया है। 23 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक नागरिकों को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जागव वोटर जाबो अभियान चलाया जा रहा है। जिला गरियाबंद में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद दीपक अग्रवाल के द्वारा जिले के सभी निकायों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने हेतु सभी सीईओ और सीएमओ को उनके निकायों के लिये नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### ट्रेनिंग से लौटे...

है, और अब वह बीएसएफ का हिस्सा बनकर देश की सेवा करेगा। इस शुभ अवसर पर हरिकांत के बड़े भाई भानुप्रताप साहू, माता रमा बाई, पूर्व सरपंच जालम साहू और अन्य गणमान्य ग्रामीण जैसे मिनेंद्र साहू, हरिशंकर वर्मा, युगल किशोर साहू, प्रीत राम वर्मा, राजू साहू, हरेंद्र वर्मा, नीरा साहू, गजेंद्र ध्रुव, डोमू ध्रुव समेत पूरे गांव के लोग उपस्थित थे, जिन्होंने हरिकांत के साहस और समर्पण की सराहना की।

### आनलाइन काम करने...

83 हजार 72 रूपये मे से सिर्फ 5 रूपये एवं यूनियन बैंक खाता मे जमा 1 लाख 3 हजार 716 रूपया मे 597 रूपये होना पाया गया। सितम्बर 24 से 7 अक्टूबर के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई धोखाधड़ी कर राशि निकाली गई दोनो ही मामलो मे राखी थाना नवा रायपुर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

# बाल संरक्षण विभाग की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बाल विवाह की प्रथा खत्म हो चुकी है। ऐसा करने वाले परिवारों के विरुद्ध सख्त कानून भी बना हुआ है, लेकिन इसके बाद भी कुछेक परिवार ऐसे हैं, जो कानून की परवाह किए बगैर बच्चों का बाल विवाह कराने का प्रयास करते हैं। रायपुर जिले के धरसींवा ब्लॉक के मटिया गांव में ऐसे ही दो परिवार अपने बच्चों का बाल विवाह कराने वाले थे। इसकी सूचना मिलते ही बाल संरक्षण विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर इस बाल विवाह को रुकवाया और दोनों परिवारों को समझाइश दी। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिली कि ग्राम मटिया में एक 15 वर्षीय लड़की का 16 वर्षीय लड़के के साथ बाल विवाह कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लड़का मटिया गांव का ही रहने वाला था, वहीं लड़की किसी दूसरे गांव की निवासी है। इन दोनों के परिवारों ने आपसी रजामंदी से इनका रिश्ता तय किया था। रिश्ता तय होने के बाद इनके विवाह की सारी तैयारी लड़के के गांव में की जा रही थी। शादी के दिन ही टीम को इस बाल विवाह की सूचना मिली थी। शादी शाम को थी, लेकिन टीम ने दोपहर में गांव पहुंचकर इस विवाह को होने से रुकवाया लिया।



# आजाद हिंद में लगेंगे एलएचबी कोच, रायपुर से पुणे और हावड़ा का सफर होगा आरामदायक

15 फरवरी से आजाद हिन्द एक्सप्रेस से यात्रियों को मिलेगी नए कोच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद हिंद एक्सप्रेस के यात्रियों को भी अब एलएचबी कोच से यात्रा करने की सुविधा तीन महीने बाद मिल सकेगी। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच को सुरक्षित माना गया है। सामान्य कोच की अधिकतम गति 110-130 किलोमीटर की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाइन किए गए हैं। आईसीएफ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इसमें हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है, वहीं दाएं-बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। 12129/12130 पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस सहित रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी-रीवा एक्सप्रेस और हुजूर साहिब नान्देड-सांतरागाछी-हजूर साहिब नान्देड एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा देने का फैसला लिया गया है। यह सुविधा 12129 में 15 फरवरी से वहीं 12130 में 17 फरवरी से मिलने लगेगी।

### महाकुंभ मेला में जोन की दो जोड़ी ट्रेनों का रहेगा ठहराव

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 10 जनवरी से 28 फरवरी तक महाकुंभ मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। कई स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। जिनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेन भी शामिल हैं। नौ जनवरी से 27 फरवरी तक 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस नैनी स्टेशन, 11 जनवरी से 22 फरवरी 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस भी नैनी स्टेशन में दो मिनट के लिए ठहरेगी। इसी तरह 12 जनवरी से 25 फरवरी 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस का शिवरामपुर व भरतकूप स्टेशनों में दो-दो मिनट ठहरेगी। वापसी में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस भी इतने समय तक स्टेशन में ठहरा करेगी।

### अब काटोल स्टेशन में ठहरेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18237/18238 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के काटोल रेलवे स्टेशन में ठहराव दिया गया है। इसी तरह 11040/11039 गोंदिया-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस का मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल अंतर्गत पुनतांबा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छह माह के लिए रहेगा। कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का काटोल रेलवे स्टेशन में 23:07 बजे पहुंचकर 23:08 बजे रवाना होगी। वापसी में अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का काटोल रेलवे स्टेशन में रात 12:01 बजे पहुंचकर 12:02 बजे छूटेगी।

### 20 तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी सारनाथ एक्सप्रेस

रेलवे के अनुसार 17 से 20 अक्टूबर तक 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग और वापसी में 18 से 21 अक्टूबर तक इसी परिवर्तित मार्ग चलकर गंतव्य तक पहुंचेगी। 17 अक्टूबर को 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग होकर चलेगी। वापसी में 19 अक्टूबर को इसी मार्ग से चलेगी।

## खबर संक्षेप




### पूर्व सांसद साहू ने भागवत कथा सुनी

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक राष्ट्रीय प्रवक्ता बाल संत श्रद्धेय श्री शैलेन्द्र कृष्ण जी महराज वृंदावन धाम मथुरा वाले द्वारा भागवत कथामृत का रसपान कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने पूर्व सांसद चंदुलाल साहू पहुंचे और कथावाचक शैलेन्द्र कृष्ण महराज को साल श्रीफल भेट कर आशिर्वाद लिया।

### मंत्री राजवाड़े के निर्देश पर समस्याओं का त्वरित निराकरण



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में मंगलवार को प्रदेश की महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित रहकर 60 से अधिक आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इनमें से अधिकतर आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, भाजपा पार्टी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय शंकर मिश्रा, रूपनारायण सिन्हा एवं आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी में 51 अधिकारियों की पदोन्नति

**रायपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 51 अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा तीन कार्यपालन अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पदोन्नत किया गया है। वहीं 48 सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता पदोन्नत किया गया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा मंत्रालय से पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत अधिकारियों की पदस्थापना बाद में की जाएगी।

### पांच आईपीएस के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन के गृह विभाग ने पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। गृह विभाग ने गुरुवार को तबादला आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में अरविंद कूजूर को तीसरी वाहिनी छसबल अमलेश्वर, दुर्ग से पुलिस मुख्यालय रायपुर, धमेंद्र सिंह छवई सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय रायपुर से छसबल की 15वीं बटालियन बीजापुर, श्वेता राजमणि को सेनानी 17वीं बटालियन छसबल कबीरधाम से छसबल की 19वीं बटालियन बस्तर, उदयकिरण को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यलय से छसबल की 9वीं बटालियन दंतेवाड़ा, मनोज खिलारी को वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना से छसबल की दूसरी बटालियन बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

### खंडेलवाल दिगंबर जैन मंदिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल

**रायपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के जन्मोत्सव पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ के 76 दिगम्बर जैन मंदिरों में एक साथ एक ही समय पर आचार्य गुन छत्तीसी का पाठ किया गया, जिसे गोल्डन बुक में दर्ज किया गया। इनमें खंडेलवाल दिगंबर जैन मंदिर, सन्मति नगर, फाफाडीह को भी सम्मननित किया गया। खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर की ओर से मंदिर के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने प्रमाणपत्र प्राप्त किया। यह जानकारी प्रचार सचिव अतुल गोधा ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# सीएम सहित सारे मंत्री 10 हजार सदस्य बनाने में सफल, आधे विधायक अब भी लक्ष्य से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इसी के साथ करीब डेढ़ दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी 50 फीसदी से ज्यादा विधायक लक्ष्य से दूर हैं। इसी के साथ एकमात्र सांसद केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं, बाकी सांसद लक्ष्य से काफी दूर हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में आधे से ज्यादा विधायक और दस सांसद अभी कोसों दूर हैं।

**सभी मंत्री बने दस हजारी :** सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। अब प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं।

## ज्यादातर विधायक भी साबित हो रहे हैं फेल

### तोखन साहू लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचें, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है। लेकिन बाकी सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचे हैं। महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी दस हजार के पार पहुंच गई हैं।



### ये विधायक भी लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरूद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 30 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 15 हजार के आस-पास हैं, अन्य विधायकों में भावना बोहरा, नीलकंठ टेकाम, गजेंद यादव, इंद्र कुमार साहू, शंकुतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, संपत अग्रवाल ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

# रायपुर दक्षिण चुनाव : भाजपा के टिकट का मतलब जीत की गारंटी

**अब तक कोई नहीं तोड़ पाया बृजमोहन अग्रवाल का 35 साल से तिलिस्म**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को उपचुनाव होने जा रहा है। अब तक का इतिहास देखा जाए, तो रायपुर दक्षिण का मतलब भाजपा की जीत की गारंटी रहा है, क्योंकि रायपुर दक्षिण से अब तक कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी जीत क्या जीत के आसपास भी नहीं पहुंचा है। रायपुर दक्षिण के बनने से पहले रायपुर शहर में भी भाजपा का दबदबा रहा। बृजमोहन अग्रवाल के तिलिस्म को कोई भी नहीं तोड़ पाया। यह पहला मौका होगा, जब रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल के स्थान पर भाजपा का कोई दूसरा प्रत्याशी मैदान पर होगा। अब तक कांग्रेस को जीत न मिलने के कारणों का खुलासा यहां पर हारने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल करते हैं।

रायपुर दक्षिण के अपराजेय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा सांसद बनने के बाद यहां की सीट खाली हुई है। अब इस सीट पर 13 नवंबर को चुनाव होना है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इस सीट से भाजपा के जिस भी प्रत्याशी को टिकट मिलेगा, उसके लिए जीत मुश्किल नहीं होगी। भाजपा का कहें या फिर बृजमोहन अग्रवाल का, यहां पर बड़ा वोट बैंक है। इसमें कभी भी कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी सेंध नहीं मार सका है।

## लगातार जीते बृजमोहन



छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद जब 2008 में परिसीमन किया गया, तो रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण की दो सीटों को चार सीटों में बांटा गया, तो रायपुर दक्षिण विधानसभा सामने आई। इस सीट से रायपुर शहर का चुनाव लड़ने वाले बृजमोहन अग्रवाल को टिकट दिया गया। 2008 और 2013 में भी वे जीते और मंत्री बने। इसके बाद 2018 के चुनाव में भाजपा के हाथ से सत्ता चली गई, इसी के साथ रायपुर शहर की चार में से तीन सीटें भी चली गईं, लेकिन रायपुर दक्षिण में बृजमोहन का दबदबा कायम रहा और वे जीत गए। इसके बाद 2023 के चुनाव में तो बृजमोहन अग्रवाल रिकार्ड 68 हजार मतों से जीते। इसी के साथ भाजपा की सत्ता में वापसी होने पर उनको मंत्री बनाया गया, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको 2024 में लोकसभा का चुनाव लड़वाया और वे यहां भी जीत गए। रायपुर दक्षिण से पहले बृजमोहन अग्रवाल 1990 से लगातार रायपुर शहर की सीट से जीतते रहे हैं। 35 साल तक बृजमोहन अग्रवाल का तिलिस्म कोई नहीं तोड़ सका है।

### अपने ही करते हैं कमजोर : कन्हैया



कांग्रेस प्रत्याशी रहे कन्हैया अग्रवाल का कहना है कि यहां पर कांग्रेस के अपने ही कार्यकर्ता चुनाव के अंतिम दिनों में घर बैठ जाते हैं, इसलिए कांग्रेस को यहां से जीत नहीं मिल पाती। चुनाव के समय पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय हो कर काम करते हैं। पार्टी के जो कमिटेड वोट हैं वह पूरे मिलते हैं, लेकिन ऐसे वोट जिन्हें कार्यकर्ताओं की मेहनत से लिया जा सकता है, वो नहीं मिलते। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गड़बड़ी के चलते पार्टी यहां से हार जाती है। उनका कहना है कि चुनाव के अंतिम चार दिनों में कार्यकर्ता क्षेत्र में जाते ही नहीं।

### बृजमोहन की सक्रियता जीत का कारण : प्रमोद

रायपुर दक्षिण सीट में कांग्रेस को लगातार हार का सामना क्यों करना पड़ता है? ऐसे कौन से कारण हैं, जिसके कारण कांग्रेस को यहां सफलता नहीं मिल पाती, इसे लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। उनके सामने चुनाव में रहे कुछ कांग्रेस प्रत्याशियों से यह जानने का प्रयास किया गया। कांग्रेस में इस सीट से प्रत्याशी चयन और अन्य मामलों पर उनका कहना है कि



कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान न रखने के कारण यहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ता है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में पढ़ लिखे मध्यम और निम्न वर्ग के लोग निवास करते हैं। वे यहां पर न्यूट्रल रहकर हार जीत के नतीजों को परिवर्तित करते हैं। बृजमोहन अग्रवाल छात्र नेता के रूप में शहर में काम किया उनके उस समय से जो संबंध हैं, उसे वे विधानसभा चुनाव के दौरान भुनाने में सफल रहते हैं, जिनके कारण वे लगातार सफल रहें। पूर्व महापौर और निगम सभापति प्रमोद दुबे से इस संबंध में जानना चाहा कि कांग्रेस को आखिर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सफलता क्यों नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा, दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश मतदाता पढ़-लिखे और मध्यम वर्ग से संबंधित हैं। यहां पर टिकट वितरण के समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ध्यान रखकर टिकट वितरण नहीं किया जाता, ऐसे में कार्यकर्ता हतोत्साहित हो जाते हैं। चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों के 40 हजार से अधिक वोट पड़ते ही हैं। शेष डेढ़ लाख मतदातओं के न्यूट्रल वोट प्रत्याशी सक्रियता को देखकर लोग देते हैं। यहां पर बृजमोहन अग्रवाल की बात लें तो उनकी सक्रियता के चलते उन्होंने अधिक लोगों तक पहुंच बनाई। उनका मानना है कि छात्र राजनीति से उठकर आए बृजमोहन अग्रवाल ने उन संबंधों को बखूबी भुनाया। यहां पर कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि सक्रिय कार्यकर्ता पर दांव लगाने से यहां पर की बाजी पलट सकती है।

# लोहरसी में मनाई गई शरद पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम लोहारसी के टिकरापारा में दुर्गा समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा मानस गान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जय मां मौली महिला मानस मांडली ग्राम पथर्री, चैतरा फिंगेश्वर को आमंत्रित किया गया था जिसके मुख्य गायिका संतोषी पांड्या ने सुंदर सुंदर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। देर रात्रि तक दर्शक भजन कीर्तन और प्रभु श्रीराम जी के कथा का आनंद लेते रहे। माडली के संचालक जागेश्वर साहू ने बताया कि शरद पूर्णिमा के रात्रि में खीर बनाकर छत में रखने से उस पर चंद्रमा का प्रकाश की किरण पड़ता है और उस खीर में अमृत की बारिश होती है उसे प्रसाद के रूप में सब ग्रहण करते है और अपने आप को सौभयशाली मानते है। इस शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत लोहरसी के सरपंच कामिनी ध्रुव, जनपद सदस्य दीपक साहू, पत्रकार उरेन्द्र साहू, सेवानिवृत्त पंचायत इंस्पेक्टर एवं कवि नूतन लाल साहू, सुप्रसिद्ध कलाकार राजकुमार यादव, पूर्व उपसरपंच मुकेश ध्रुव, दुर्गा समिति के पदाधिकारी कोमल ठाकुर, जयंत राम साहू, वेनुगोपाल, डोमन यादव भानु साहू सहित दुर्गा समिति के सभी सदस्य और बहुत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने हमेशा संविधान का गला घोटने का कार्य किया : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे मैनपुर पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका आत्मीयता के साथ फूलमाला से स्वागत किया लोकनिर्माण विभाग विश्रामगृह में चंदुलाल साहू ने भाजपा कार्यकार्ताओं, जनप्रतिनिधि, किसान, क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाकात किया भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी लिया भाजपा मैनपुर मंडल में सदस्यता अभियान लक्ष्य के करीब है इस दौरान पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने राज्य व केन्द्र के भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आहवान किया और ज्यादा से ज्यादा लोगो को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। मैनपुर में पत्रकारो से चर्चा करते हुए पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू ने कहा कांग्रेस लगातार अपनी हार को पचा नहीं पा रही है और देश की जनता को बरगलाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस अपने इतिहास को अगर झांक कर देखे तो संविधान का गला घोटने का कार्य कांग्रेस ने किया है इसके लिए देश की जनता से कांग्रेस को माफी मांगना चाहिए। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने कैसे भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया था इसे देश की जनता जानती है। श्री साहू ने कहा हमें इमरजेंसी के दिनों को कभी नहीं भुलना चाहिए और हमेशा संविधान में विश्वास रख कर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। श्री साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में सरकार बेहतर कार्य कर रही है सरकार की योजनाएं धारातल पर दिखाई दे रही है। जल जीवन मिशन के कार्यो में भष्टाचार की शिकायत पर भड़के साहू ने कहा की मुख्यमंत्री से करूंगा। ग्रामों में पीएचई विभाग के संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा मिलीभगत कर आधे अधूरे कार्य कर सरपंचों को दबाव बनाकर पूर्णता प्रमाण पत्र लिया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों व कई सरपंचों ने चंदुलाल साहू से किया तो श्री साहू ने कहा की एक सप्ताह के भीतर मैं स्वयं जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण करूंगा और इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिंन्हा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, दीलिप साहू, महेन्द्र सोनी, मनोज निर्मलकर एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पशुपालकों और ग्रामीणों को आवारा पशुओं की रोकथाम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ग्राम पंचायत पांडुका, पोड़ में पशुपालकों, गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पशुओं की चिन्हांकन, हेल्प लाइन नंबर, जुर्माना एवं आवारा पशुओं का समुचित निपटान के संबंध में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। सभी ग्राम वासियों से सहयोग के लिए अपील किया गया। बैठक में सरपंच पांडुका दुजेश्वर ठाकुर, पोंड सरपंच दयाबती कंवर, सचिव रामगोपाल ध्रुव, पंडुका युवराज सिन्हा पोंड, रोजगार सहायक राधिका , गणमान्य नागरिक, करारोपन अधिकारी राजकुमार साहू, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वैय सखाराम दीवान पी आर ठाकुर, जनपद पंचायत सभापति रजनी चौरे तथा मुख्यकार्यपालन अधिकारी रूपकुमार ध्रुव उपस्थित रहे।

# अब विविध भारती में फिर सुनाई देगा फरमाइशी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहु ने बताया की आकाशवाणी के राष्ट्रीय रेडियो प्रसारण सेवा विविध भारती मुम्बई से फरमाईसी कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए प्रसार भारती को धन्यवाद प्रेषित किए हैं। 2019 से राष्ट्रीय रेडियो प्रसारण सेवा विविध भारती मुम्बई से सभी फरमाईसी कार्यक्रम बंद चल रहे थे। जिससे कार्यक्रम की रोचकता खत्म हुई वहीं पर रेडियो के श्रोतागण निराश थे। जैसे मनचाहे गीत, आपकी फरमाइश, पत्रवली, ईमेल एसएमएस पोस्ट कार्ड वाले सभी फरमाईसी कार्यक्रम बंद चल रहे हैं। जिसे हरिभूमि ने प्रकाशित किया। खबर का असर हुआ और श्रोताओं के सुझावों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती ने आकाशवाणी मुंबई विविध भारती से हैलो फरमाइश को फिर से प्रारम्भ किया है जिससे रेडियो श्रोताओं में हर्ष व्याप्त है। विविध भारती मुम्बई की पहुंच देश विदेश एवं 36 करोड़ आबादी तक पहुंच है। सूचना शिक्षा मनोरंजन स्वास्थ्य संबंधित जानकारी महिलाओं के लिए कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। विविध भारती मुम्बई से फरमाईसी कार्यक्रम को फिर चालु करने के प्रसार भारती को श्रोताओ ने बधाई दिए हैं। जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहु, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल देवांगन रायपुर, लोक कलाकार गौकरण दास मानिकपुरी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप कुमार यदु, हरिश्चंद्र तारक, बाबुलाल साहु, दिलीप कुमार ध्रुव, टीकम साहू, मिल्लु गिरी गोस्वामी गोपाल साहू, ईश्वर तारक, गोवर्धन यादव, राजकुमार यादव, महेंद्र गंधर्व, टोपेश्वर साहु हेमंत साहू आदि श्रोताओं ने बधाई प्रेषित किया हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्रभारी एचएम ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करकरा के प्रभारी प्रधान पाठक पुष्पा ठाकुर ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर गुरुवार को पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय के चिवित्वस डॉ. विनोद ठाकुर, डॉ. ऐश्वर्य साहू द्वारा ज्ञान वर्धक हिन्दी व अग्रेजी वर्णमाला के नवाचार संबंधी ब्रोशर का वितरण किया गया। एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के विजेता तीन प्रतिभागी को नगद 100-100 रु का इनाम प्रदान किया गया। इस न्योता भोज कार्यक्रम में मिडिल स्कूल से प्रधान पाठन पुष्पा ठाकुर, रेणुका सोनी, रामेश्वर ध्रुव, साहू सर, प्रायमरी स्कूल से प्रधान पाठक दिलीप देवांगन, लक्ष्मीनारायण माण्डले, टुमन निषाद, पुनम निषाद, सहित शाला विकास समिति अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजकुमार पटेल पूर्व प्रधान पाठक सुखीराम साहू, उपस्थित रहे।

### प्रीआरडीसी परेड में चांदनी का चयन

**छुरा।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेवक एवं बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कुमारी चांदनी



ठाकुर का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर के लिए हुआ है। चयन प्रक्रिया महाविद्यालय स्तरीय, जिला स्तरीय से होते हुए विश्वविद्यालय स्तरीय स्तर पर 15 अक्टूबर को आयोजित हुआ था जिसमें पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से कुल पांच स्वयंसेवकों का चयन हुआ है एवं दो स्वयं सेवक प्रतीक्षा सूची में हैं। प्री आरडीसी परेड चयन शिविर पटना में आयोजित हो सकती है। जिसके लिए रासेयो जिला संगठक डॉ. समीक्षा चंद्राकर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीएच पटेल, सहायक प्राध्यापक डीपी सिंह, डीआर साहू, डॉ. सीपी सिकरवार, रागनी ठाकुर, मधु दुबे एवं रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक संतोष सोरी, रोहन बंजारे समेत महाविद्यालय स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

### प्रदेश सरकार, केंद्र के समान भत्ता दे : फेडरेशन

**राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ,जिला अध्यक्ष मिश्री तारक,ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत साहू,सोहन सेन,शोभा साहू ,धर्मेन्द्र ठाकुर,सुनीता यादव,आशा ध्रुव, अंजनी यादव, रामदयाल साहू ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष के 1 जनवरी एवं 1 जुलाई की स्थिति में कर्मचारियों तथा पेंशनरों को महंगाई भत्ता में राहत वृद्धि किया जाता है। राज्य सरकार को भी इस नीति का पालन करना चाहिए। बताया कि 1 जुलाई 2019 से 1 जुलाई 2024 तक केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान, राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता नहीं दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 1 अक्टूबर से 4 % वृद्धि की घोषणा की है।

**कार्यक्रम :** गांड़ा समाज के आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

# जो समाज शिक्षा पर जोर देगा उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता : विधायक जनक ध्रुव


हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इन दिनों गांड़ा समाज के द्वारा पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। तरह -तरह के आयोजन कर समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए लगातार समाज प्रयासरत है।जिससे कि समाज के लोगों में शिक्षा के महत्व का प्रचार प्रसार और भी अधिक होगा और लोग शिक्षा के महत्व को जानेंगे। इस तर्ज पर विकासखण्ड स्तरीय समाज के द्वारा नदी पार ग्राम डूमरबाहाल में शुक्रवार को मेधावी छात्र -छात्रओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया जिसमें देवभोग ब्लॉक के दो छात्र जिन्होंने गांड़ा समाज को गौरवान्वित किए है। इस दौरान कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव कहा की जो समाज शिक्षा पर जोर देगा उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। वहीं विधायक मद से पांच लाख रुपए के सामाजिक भवन देने कि घोषणा कि और कहां कि इस तरह के आयोजन से समाज में जागरूकता आती है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने बताया कि समाज के प्रत्येक मेधावी छात्र- छात्राओं जिसको उच्च शिक्षा के लिए किसी तरह कि कोई सहयोग चाहिए तो जनपद स्तर पर हर संभव सहायता कि जायेगी।

**समाज में शिक्षा कि अलख जगाने का किया जा रहा प्रयास-** गांड़ा समाज विकास खण्ड अध्यक्ष चंदर प्रधान समाज को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा वह उतना दहाड़ेगा जैसे स्लोगन देकर शिक्षा को घर घर पहुंचाने समाज में शिक्षा कि अलख जगाने का प्रयास किया जा रहा है और कहां कि भले आप एक रोटी कम खाओ लेकिन शिक्षा के महत्व को जानो बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें विकास खण्ड गांड़ा समाज के सभी लोगों का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा सिंघल के साथ साथ समाज के जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा गरियाबंद चंद्रशेखर सोनवानी, अरुण सोनवानी एवं विकासखण्ड समाज अध्यक्ष चंदर प्रधान के हाथों इन मेधावी छात्र छात्रओं को सम्मानित किया गया। जिसके लिए समाज के अध्यक्ष के साथ साथ समाज के पदाधिकारी व समाज प्रमुख भुवन बघेल, यशवंत बघेल, झालेश डोंगरे, उद्धव सोनवानी, कहल सिंह नागेश , सुफेद सोनवानी, चंद्रध्वज सोनवानी,सुभाष सोनवानी, शेषमल गिरिराज,घनश्याम प्रधान, दिगंबर स्वर्ण,उमेश डोंगरे, चंडीमल सोनवानी,अनामो बघेल,चरण क्षेत्रपाल, शंकर सोनवानी, भजन लाल बघेल, मिलन सोनवानी, वनवासु नेताम,त्रिलोचन नेताम,मदन प्रधान, टेकचंद बघेल, राजकुमार बघेल, राजेंद्र नेताम, नागराज नेताम , प्रेम नागेश, डमरूधर सोना, खिरसिंधू नागेश, पवन नेताम, निराकार डोंगरे के साथ- साथ डूमरबहाल गाड़ा समाज के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



### विद्यार्थी मार्गदर्शिका पुस्तिका का हुआ विमोचन



इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मेधावी बच्चों और विभिन्न गांवों से आए विद्यार्थियों को यशवंत कुमार बघेल के द्वारा कैरियर के क्षेत्र में उचित मार्गदर्शन दिया और कई बच्चें जो प्रतिभा से परिपूर्ण रहते हैं लेकिन उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने से आगे बढ़ नहीं पाते। ऐसे बच्चों के हितार्थ समाज देवभोग द्वारा कैरियर गाइड एवं विद्यार्थी मार्गदर्शिका पुस्तिका का विमोचन किया। जिसके संकलन कर्ता प्रमुख रूप से यशवंत कुमार बघेल प्रधान पाठक, और झालेष डोंगरे, दिगम्बर स्वर्ण, उमेश डोंगरे, आदि रहे। जिसमें 10वीं के बाद क्या करें,12वीं के बाद क्या करें और विविध प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा में बड़े से बड़े पदों को हासिल करने को लेकर मार्गदर्शन दिया गया है।

### ये हुए सम्मानित

कुमारी नीतू नेताम व चुमन बघेल जो निट के परिक्षा में चयनित हुए है और एमबीबीएस कि पढ़ाई कर रहें है, कक्षा 10 वीं और 12वीं के 11 छात्र छात्र जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त किए थे आशीष बघेल, सनातन दुर्गा, कुमारी यशोदा नेताम, खिलेंद्र सोनवानी, भूदेव नागेश, योगेश कुमार प्रधान, कुमारी प्रीति दुर्गा, हीरामणि सोनवानी, राजकुमार प्रधान, कुमारी रंजू, भीष्मदेव प्रधान (12वीं), कुमारी प्रिया नागेश, कुमारी तोशिका बघेल, वहींसैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित 11 बच्चें खीरसागर नेताम, कुमारी पूर्व सोनवानी, कुमारी किरण नेताम, कुमारी दृष्टि डोंगरे,कुमारी किंजल चौहान, कुमारी दीप्ति मोंगराज, भोलाथ टाडिल्य, हेमंतकृष्ण नेताम, मनीष प्रधान, कुमारी लिप्सा नेताम, मनीष सोनवानी, कुमारी रिद्धिमा नेताम, खिलेंद्र नेताम, देवाशीष सोनवानी, जयंत प्रधान, भावेश सोनवानी, अनामिका बघेल और प्रयास विद्यालय में चयनित पांच बच्चों दामिनी बघेल, आदर्श वर्धन, केशूतोश बघेल, कुणाल कपिल बघेल, वेदप्रकाश बेहरा एवं राष्ट्रपति सम्मानित मेधावी छात्र चेतना सोना को कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो, कापी पेन देकर सम्मानित किया गया।

# राजिम को मिला 3 करोड़, ईमानदारी व गुणवत्ता के साथ होगा काम : सोनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगर पंचायत राजिम के लिए अधोसंरचना मद में 3 करोड़ रूपए की राशि विभिन्न विकास और निर्माण कार्यो के लिए स्वीकृत किया है। यह जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने बताया कि यह राशि डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयास से विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, सीमेंट कांक्रीटीकरण ,पेवर ब्लॉक व टीन शेड निर्माण के लिए स्वीकृत किया है। इस बड़ी राशि को स्वीकृत करने के लिए अध्यक्ष रेखा सोनकर ने डिप्टी सीएम अरुण साव व विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि इस राशि का सदुपयोग होगा। हर काम गुणवत्तापूर्ण होगा। कहा कि विकास और निर्माण कार्यों में कोई कोताही नहीं होगी। और न ही किसी भी प्रकार से कोई कसर बाकी रहेगा। अध्यक्ष श्रीमती सोनकर ने बताया कि राजिम छत्तीसगढ़ का प्रयागराज है। यहां प्रदेश के कोने-कोने से लाखो की संख्या में श्रद्धालुजन भगवान श्री राजीव लोचन व श्री कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन करने और संगम में डुबकी लगाने आते है। लिहाजा उनके लिए वार्ड नंबर 1 में नदी तट किनारे सर्व सुविधायुक्त संस्कार भवन का निर्माण 40 लाख रुपए की लागत पर होगा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 1 और 11 में शिवाजी चौक से हनुमान मंदिर तक नाला निर्माण कार्य के लिए 40 लाख रुपए ,वार्ड नंबर 6 में सर्व समाज के मांगलिक भवन एवं नवीनीकरण के लिए 35 लाख रुपए, फिंगेश्वर मार्ग पर तहसील ऑफिस विधायक निवास होते हुए पोस्ट ऑफिस तक सीमेंट रोड कार्य के लिए 20 लाख रुपए , वार्ड क्रमांक 6 में सर्व समाज मांगलिक भवन के अंदर टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 23 लाख रुपए , फिंगेश्वर मुख्य मार्ग तहसील ऑफिस होते हुए विधायक निवास से रजिस्टार ऑफिस तक स्ट्रीट लाइट, एलइडी लाइट, निर्माण कार्य के लिए 15 लाख, वार्ड नंबर 1 और 11 में हनुमान मंदिर से टी बंद तक नाला निर्माण कार्य के लिए 38 लाख रुपए, तहसील ऑफिस के पास सर्व सुविधायुक्त शौचालय निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, फिंगेश्वर मुख्य मार्ग से तहसील ऑफिस विधायक निवास होते हुए रजिस्टार ऑफिस तक दोनों ओर पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के लिए 12 लाख, वार्ड क्रमांक 12 के दमौवापारा में टीन शेड निर्माण के लिए 12 लाख , दुर्गा मंच के पास टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 6 लाख, सर्व समाज मांगलिक भवन पेवर ब्लॉक कार्य के लिए 15 लाख, वार्ड क्रमांक 2 में गरीबनाथ मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 12 लाख, वार्ड क्रमांक 4 में शीतला तालाब के पास टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख, वार्ड क्रमांक 5 में कचना धुर्वा मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण के लिए 4 लाख । अध्यक्ष रेखा सोनकर ने बताया कि 15वें वित से लगभग 25 लाख रुपए की राशि अलग से स्वीकृत हुई है।



■ विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, सीमेंट कांक्रीटीकरण ,पेवर ब्लॉक व टीन शेड निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत

# टेंगनाबासा में महिला समूह के लिए नव निर्मित भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



गुरुवार को ग्राम पंचायत टेंगनाबासा में जय टेंगनाही महिला संगठन स्व सहायता समूह के लिए नव निर्मित भवन का लोकार्पण कर सभा आयोजन किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में अतिथि जनपद सदस्य व सर्व आदिवासी के जिला अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर, सरपंच राजकुमारी ध्रुव, उपसरपंच मोहेन्द्र सिन्हा, जनपद सदस्य सुख बती टांडे, ग्राम पटेल बूढान ध्रुव, गंगा राम, हरी राम सिन्हा बीजूराम ध्रुव नन्द कुमार साहू, धरम ध्रुव और सीता राम सिन्हा उपस्थित थे। अतिथियो व समूह के बहनों के द्वारा लोकार्पण किया गया। वहीं सभा मंच में छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में भी पूजा अर्चना कर सभा के शुभारम्भ किया गया। विशिष्ट अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने सभी बहनों में ऊर्जा भरते हुए कहा की आप सभी छत्तीसगढ़ महतारी व भारत के माता है तभी गायन है यत्र नारियस्ते तत्र रमानते देवता देवताओं के नाम आगे आप देवियो का नाम आता है। सर्व शास्त्रों सार सिरोमणिनि गीता नाम भी आप लोगों के नाम पर है वैसे सभी नदियों के नाम जैसे गंगाजमुना सरस्वती कृष्णा कावेरी नर्मदा पैरी नदी का नाम भी आप लोगों के ही नाम पर है। इस मातायों को उच्च दर्जा दिया गया है। चीन , जापान, पाकिस्तान को माता नहीं कहते भारत माता की जैसे बोलते हैं। राज्यों में भी ओडिसा, मध्य प्रदेश , झारखण्ड जैसे सभी राज्यों को माता या महतारी नहीं कहते लेकिन छत्तीसगढ़ महातारी की जय बोलते है। अब आप लोग अबला नहीं सबला है आप लोगों के बैठने के लिए मकान मिल गया। यह नई मकान नई मुकाम तक पहुंचाए यही हमारी शुभकामनायें हैं। सरपंच राजकुमारी, उपसरपंच मोहेन्द सिन्हा, जनपद सदस्य सुखबती टांडे, बूढान ध्रुव, हरी सिन्हा, नन्द कुमार साहू ने अपने अपने विचार रखा। संचालन समूह के कार्यकर्त्ता उत्तरा ध्रुव ने किया अतिथियों का स्वागत फूल माला साल श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुखों में खिलावन, झूमुक, टीकम, कान्हा सिन्हा, बिहान कलस्टर कोसमबुड़ा के ऐसी घनश्याम सिन्हा, अध्यक्ष धनमत दीवान, सचिव लक्ष्मी ध्रुव, कोषाध्यक्ष रमा ठाकुर, टेंगानाबास महिला संगठन के अध्यक्ष कुंती सिन्हा सहित स्वसहायता समूह के सर्व महिला पदाधिकारी पंचायत के सर्व पंचगण तथा सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्त्ता बहने उपस्थित थे।

## झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रहे पालिका अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** सभी वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 तक लगाया व लोगों की समस्याओं से अवगत होकर जनहित के कार्यों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा को प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने 3 करोड़ रुपए की राशि विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों के लिए रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर स्वीकृति किया है। इस पर रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा मंत्री परदेसी राम साहू ने कहा की नगर पालिका गोबरा नवापारा के अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत इस राशि को खुद झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है जबकि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सरकार ने कभी भी जनसमस्या शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया इसलिए जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया। आगे भी नगर पालिका चुनाव, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत चुनाव में जनता ने पूरी तरह नकारेगी।



## हमर मैनपुर चौक में दी गई रतन टाटा को श्रद्धाजंलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय हमर मैनपुर चौक में रतन टाटा के योगदान को याद करते हुए उन्हे विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से मोहित द्ववेदी, रूपेश साहू, हर्ष दास, उपेन्द्र साहू, निखिल जगत, आर्यन पटेल, गोविंद पटेल, केशव बनछौर, हरिश्वर पटेल, तुलसी राठौर, उत्तम पटेल, नरेश सिन्हा, यीशु शर्मा, चित्रसेन पटेल, गौरव बाम्बोड़े व नगर के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## प्रभु जगन्नाथ के विधायक ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

राजिम विधान सभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने शुक्रवार को उड़ीसा राज्य के पुरी में प्रभु जगन्नाथ भगवान की पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस दौरान उन्होंने राजिम विधान क्षेत्र की आम जनता एंव प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि मंगल कामना प्रार्थना किया। साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, किशोर साहू, वरिष्ठ भाजपा बोधन साहू जिला भाजपा युवामोर्चा राजू साहू, रामाधार साहू, भागीरथी सिन्हा सहित राजिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक के साथ 170 भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। उल्लेखनीय है विधायक ने 16 से 20 अक्टूबर तक 4 द्विवसीय धार्मिक यात्रा पर हैं। इस बीच मे विभिन्न धार्मिक स्थल का सामुहिक दर्शन किया। इस बीच में उड़ीसा सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा राजिम विधायक को विशेष श्रेणी दर्शन की प्राथमिकता में दर्शन सुलभ कराया गया।



## ओढ़ के दशहरा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं पंचायत सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 40 किलो मीटर दूर दूरस्त वनाचंल पहाड़ी के उपर बसे वि”शि पिछड़ी जनजाति ग्राम आमामौरा ओढ़ में दशहरा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका गाजे- बाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान ग्राम के देवी - देवताओं की पूजा अर्चना की। साथ ही लोकेश्वरी नेताम ने कहा की इस क्षेत्र में जो भी मूलभूत समस्याए है उसे जिला के अधिकारियों तक पहुंचाकर पूरा किया जायेगा। इस दौरान जिला पंचायत सभापति ने आश्रम छात्रवास का निरीक्षण किया साथ ही बच्चों से उन्हे मिलने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी लिया साथ ही अधीक्षक को आश्रम की साफ सफाई में विशेष ध्यान देने कहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमति मैनाबाई, नरेंद्र कुमार ध्रुव महासचिव आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद, उपसरपंच नर्मदा बाई नायक, नंदलाल यादव, मनोज नायक, पोटोसिंह चिंदा, रूपाराम, मनोहर, चंदरसिंह, बघाराम, बाबूलाल, मधुराम, नरेश यादव, निरंजन, कवरूदास, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411